# 2026

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र के छ: खण्ड है : क, ख, ग, घ, ङ, च।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

*(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

## खण्ड - 'क'

## (वाचन - 10 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 1, 2 और 3 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4, 5 और 6 के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में तथा प्रश्न-संख्या 7 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

**नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

वृक्ष हमारे जीवन का आधार ह। वे हमारे सब से अच्छे साथी, पड़ोसी और रक्षक ह। पेड़-पौधों और वनस्पतियों के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। जहाँ वृक्ष और वन ह, वहीं सुरक्षा ह, सुन्दरता ह और स्वास्थ्य ह। वृक्ष वर्षा लाते ह, वायु को शुद्ध रखते ह और पशु-पक्षियों को शरण देते ह। जीवन में एक व्यक्ति को एक वृक्ष तो अवश्य लगाना चाहिए। केवल वृक्ष लगाकर ही काम खत्म नहीं हो जाता। पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल करना, खाद पानी देना तथा जानवरों आदि से बचाना भी जरूरी है। सड़कों के किनारे, घर के आस-पास, वन-उपवन में, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों आदि स्थानों पर कहीं भी वृक्ष लगाए जा सकते ह।

1. पौधे लगाने के बाद हमको क्या-क्या करना चाहिए? 2

2. वृक्ष कहाँ-कहाँ लगाए जा सकते हैं? 2

3. वृक्षों से हमें क्या लाभ मिलते है? 2

4. जहाँ पेड़-पौधे होते है, वहाँ क्या होता है? 1

5. जीवन में एक व्यक्ति को कौन-सा कार्य करना चाहिए? 1

6. 'वायु' शब्द का एक समानार्थक शब्द लिखिए। 1

7. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'सड़क' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहा है? 1

(क) मार्ग (ख) रात

(ग) पथ (घ) रास्ता

## खण्ड - 'ख'
## (लेखन - 15 अंक)

8. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और इसका सार एक-तिहाई शब्दों में लिखिए तथा इसी गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए : 5+2 = 7

अध्यापक उसे कहते ह जो अध्यापन का काम करता है। समाज और राष्ट्र के भावी जीवन के एकमात्र आधार वालकों के जीवन को योग्य और चरित्रवान वनाना अध्यापकों का काम है। इस रूप में अध्यापको के कंधों पर समाज और राष्ट्र का अधिक दायित्व होता है। अध्यापक और समाज का बहुत घनिष्ठ सम्वन्ध है। समाज और राष्ट्र की उन्नति या अवनति बहुत कुछ अध्यापकों के ऊपर निर्भर रहती है। वह राष्ट्र अधिक भाग्यशाली है, जिसके भीतर सुयोग्य और चरित्रवान अध्यापकों की बहुलता रहती है।

9. (क) थोड़े दिन पहले इम्फाल बाजार में घटित एक मोटर दुर्घटना का आँखों देखा वर्णन लगभग 160 शब्दों में लिखिए।

अथवा

(ख) थांगाल जनरल की जीवनी लगभग 160 शब्दों में लिखिए। 8

## खण्ड - 'ग'
## (व्याकरण - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 10 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 11 और 12 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13, 14 और 15 के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में तथा प्रश्न-संख्या 16 से 20 तक के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

10. मुहावरे और लोकीक्ति का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 3

11. अन्विति से सम्बन्धित मुख्य बातें क्या-क्या हैं? स्पष्ट कीजिए। 2

12. पुरुषवाचक सर्वनाम 'तू' का प्रयोग किन-किन अवस्थाओं में किया जाता है? सोदाहरण उत्तर लिखिए। 2

13. यदि कर्ता के साथ 'ने' विभक्ति प्रयुक्त हो तो क्रिया किसके अनुसार होगी? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 1

14. 'दिन' और 'दीन'— इन दो शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

15. 'अनल' और 'अनिल'— इन दो शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

16. निम्नलिखित में से 'आँख चुराना' मुहावरे का सही अर्थ कौन-सा है? 1

(क) बहुत ऊँचा बोलना
(ख) बहुत अधिक क्रुद्ध होना
(ग) बहुत बड़ी बातें कह डालना
(घ) सामने पड़ने से घबराना

17. निम्नलिखित में से 'हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना' मुहावरे का सही अर्थ कौन-सा है? 1

(क) कोशिश करना
(ख) काम आरम्भ करना
(ग) कुछ न करना
(घ) किसी काम में सहयोग देना

18. निम्नलिखित में से 'बरबाद हो जाना' अर्थ के लिए सही मुहावरा कौन-सा है? 1

(क) काया पलट होना
(ख) खाक में मिलना
(ग) दाँत खट्टे करना
(घ) छक्के छुड़ाना

19. निम्नलिखित में से 'इधर गिरे तो कुआँ, उधर गिरे तो खाइ' लोकोक्ति का सही अर्थ कौन-सा है? 1

(क) ऊपर से भले बनना, अन्दर से कपट रखना।
(ख) दुहरा लाभ होना।
(ग) एक काम की कोशिश करने पर दूसरा अपने आप हो जाना।
(घ) दोनों ओर मुसीबत देखकर दुविधा में पड़ना।

20. निम्नलिखित में से 'दूसरों को उपदेश देने वाले बहुत होते हैं।' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति कौन-सी है? 1

(क) सावन हरे, न भादों सूखे।
(ख) पर-उपदेश कुशल बहुतेरे।
(ग) नौ नगद न तेरह उधार।
(घ) न रहेगा बाँस, न रहेगी बाँसुरी।

## खण्ड - 'घ'

**(पद्य - 8+12 = 20 अंक)**

21. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+4=6

(क) विस्तृत नभ का कोई कोना,
मेरा न कभी अपना होना,
परिचय इतना इतिहास यही
उमड़ी कल थी मिट आज चली।

अथवा

(ख) मधुर नाम माँ का,
भेद आकाश-धरती दोनों को
गूँजने दो माँ,
पुत्र के संवेदित हृदय-तल में।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 22 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 23 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 24 और 25 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 26 का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 27 और 28 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

22. सतगुरु सवाँ न को सगा, सीधी सइ न दाति।
हरिजी सवाँ न को हितु, हरिजन सइ न जाति।।

— कबीरदास की उपर्युक्त साखी में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 4

23. 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यंत्रणा का वर्णन कीजिए। 3

24. 'ले चल वहाँ' कविता में कवि ने अपने आप को कहाँ ले जाने के लिए कहा और क्यों? 2

25. कृष्ण वियोग में दुखित गोपियों की दशा का चित्रण कीजिए। 2

26. कबीरदास के अनुसार गुरु हमें क्या देता है? 1

27. सूरदास ने अपनी रचनाओं में मुख्यतः कौन-सी भाषा का प्रयोग किया है? 1

(क) अवधी भाषा का (ख) भोजपुरी भाषा का

(ग) मैथिली भाषा का (घ) ब्रजभाषा का

28. निम्नलिखित में से 'अंतर्निहित' कविता का रचयिता कौन है? 1

(क) तंवि श्रीनिवासन (ख) माखनलाल चतुर्वेदी

(ग) अज्ञेय (घ) जयशंकर प्रसाद

## खण्ड - 'ङ'

## (गद्य - 25 अंक)

29. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+4=6

(क) वह गरजनेवाला मेघ नहीं, बरसनवाला धुआँधार था। वैसे उनका मौन गजब का था। वह ठोस वीरता के पुजारी योद्धा थे, पोल के शब्द उन्हें आकर्षित नहीं कर सकते थे।

अथवा

(ख) जो होनी थी, सो हो गई। उसे कोई लौटा थोड़े ही सकता है? खुदा नेक की नेकी रखे और बद की बदी माफ करे। मेरे लिए चिराग नहीं, तो तुम लोग तो हो, मुझे आकर इतनी ही तसल्ली हुई की उस जमाने की कोई यादगार है।

30. (क) 'मलबे का मालिक' कहानी अथवा (ख) 'खादी और गादी की लड़ाई' लेख का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए : 7

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 31 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 32 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 33 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 34 का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 35 और 36 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

31. 'मनुष्य और जानवर में क्या अन्तर रहा!'

— 'मनुष्य के जीवन की सार्थकता'

पाठ के आधार पर लेखक के उपर्युक्त कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 4

32. वल्लभभाई पटेल के बचपन में कौन-सी घटना घटी थी? स्पष्ट कीजिए। 3

33. लेखक विनोबा भावे के अनुसार 'विषम व्यवहार' क्या है? उस व्यवहार के बारे में लेखक का क्या मत है? 1+1=2

34. नव-वर्ष के समय लेखक कौन-सा शुभ संकल्प करता है? 1

35. कितने साल बाद पाकिस्तानियों की टोली अमृतसर आई? 1

(क) साढ़े पाँच साल के बाद (ख) सात साल के बाद

(ग) साढ़े सात साल के बाद (घ) आठ साल के बाद

36. 'नये वर्ष के शुभ संकल्प' निबन्ध का लेखक कौन है? 1

(क) आचार्य विनोबा भावे (ख) रामविलास शर्मा

(ग) पं० बालकृष्ण भट्ट (घ) रामनाथ 'सुमन'

## खण्ड - 'च'

### (पूरक पाठ्य पुस्तक - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 37 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 38 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 39 और 40 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 41 और 42 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 43 और 44 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

37. मणिपुर में दीपावली कैसे मनाई जाती है? 4

38. मेले के बारे में लेखक द्वारा व्यक्त मानव जीवन सम्बन्धी भावों को स्पष्ट कीजिए। 3

39. कबुइ जनजाति का त्योहार 'गानडाइ' कब और कितने दिन मनाया जाता है? 1+1=2

40. ईद कैसे मनाई जाती है? 2

41. रवीन्द्रनाथ को नोबेल पुरस्कार कब मिला? 1

42. रवीन्द्रनाथ का सिद्धान्त क्या है? 1

43. खाना खाने के बाद लेखक क्या देखने चला गया? 1

(क) सिनेमा

(ख) मेला

(ग) फुटबॉल

(घ) क्रिकेट

44. 'चुजुनि' कौन-सी जनजाति का त्योहार है? 1

(क) ताङ्खुल जनजाति का

(ख) आइमोल जनजाति का

(ग) माओ जनजाति का

(घ) थादौ जनजाति का

---